# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1111 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2026–27 दिनांक: 4/8/26

## अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर तथा वार्षिक प्रणाली (बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त) के अन्तर्गत स्नातक व परास्नातक स्तर पर जिन छात्र / छात्राओं की विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम व विषम सेमेस्टर / वर्ष में किसी भी सेमेस्टर / वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिकी / लघुशोध परियोजना (Research Project) परीक्षा किन्ही कारणवश छूट गयी है, ऐसे छात्रों के हित के दृष्टिगत परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 29.07.2026 के मद संख्या 03 के संकल्प के अनुपालन में समस्त छात्रों को प्रयोगात्मक / मौखिकी / लघुशोध परियोजना (Research Project) परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **msuweb.in** पर **दिनांक 04.08.2026 से 14.08.2026** तक आवेदन कर प्रयोगात्मक / मौखिकी / लघुशोध परियोजना (Research Project) परीक्षा की विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क 1500रू (प्रति प्रश्न पत्र) ऑनलाइन जमा कराना सुनिश्चित करें। प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र व परीक्षा की तिथि की जानकारी विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट **msuniversity.ac.in** पर यथासमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

**नोटः– छात्र प्रयोगात्मक / मौखिकी / लघुशोध परियोजना (Research Project) परीक्षा का शुल्क ऑनलाइन जमा कराकर परीक्षा फॉर्म सम्बन्धित महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर, फीस का प्रिंटआउट एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति सहित विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर प्रयोगात्मक परीक्षा के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव।
3. वित्त अधिकारी।
4. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
5. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रेस प्रवक्ता, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
7. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव